(b) if so, the details thereof and the reasons for delay in establishment of the Institute?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI S. KRISHNA KUMAR): (a) Yes, Sir.

(b) Suitable land for the Institute prop osed to be set up in Bangalore is yet to be finalized.

Gross Value of output from Livestock Sector

7437. SHRIMATI BASANTI SARMA:
DR. SHRIKANT RAM-CHANDRA JICHKAR:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the gross value of output from livestock sector for 1994-95;

(b) what was sush output in 1990-91; and

(c) the steps being taken to increase the output?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM): (a) and (b) The information is given in the enclosed statement (see below).

(c) Besides various States Schemes for the development of cattle and buffalo some Central Centrally Sponsored Scheme in the areas of genetic improvement, feed and fodder and health cover are being implemented to increase the output.

Statement

Value of Output from Livestock Sector

(Rs. in crores)

Year	At current Prices	At constant (1980-81)
		Prices
1990-91	42040	17182
1991-92	50941	17777
1992-93	57681	18389
1993-94	64236@	19270@
1994-95	N.A.	19926*

* Advance Estimates.
@ Quick Estimates.

EGG Production 7438. SHRI JAGIR SINGH DARD: DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the quantum of egg production in the country for the year 1994-95 and 1990-91;

(b) the steps being taken to increase egg production;

(c) the long term strategy adopted to increase egg production; and

(d) the total demand of eggs in the country?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM): (a) The quantum of egg production in the country for the years 1990-91 and 1994-95 is as under:—

Year	Eggs (in Number)
1990-91	21101 million
1994-95 (anticipated)	25435 million

(b) and (c) The following major steps are envisaged to increase egg production:—

(i) Increasing the availability of quality thinks to poultry fermec

(ii) Organisation of Poultry Units on Cooperative basis.

(iii) Training facilities for workers and farmers.

(d) The demand for eggs is influenced by various factors such as price, purchasing power, etc. and has not been quantified.

कृषि उत्पादन की वृद्धि दर का लक्ष्य

7439. श्रीमती सुषमा स्वराज:
श्री राम जेठमलानी:

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश में कृषि-उत्पादन के संबंध में वार्षिक उत्पादन वृद्धि दर का लक्ष्य 3.9 प्रतिशत निर्धारित किया गया था;

(ख) यदि नहीं, तो लक्ष्य-दर क्या थी;

(ग) क्या आठवीं योजना के विगत वर्षों में कृषि-उत्पादन के लिए निर्धारित वृद्धि-दर का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है;

(घ) यदि नहीं, तो गत प्रत्येक वर्ष में यह वृद्धि दर कितनी-कितनी रही है; और

(ङ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के शेष वर्षों में कृषि-उत्पादन हेतु निर्धारित वृद्धि-दर का लक्ष्य प्राप्त करने के संबंध में सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम): (क) तथा (ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1992-93 से 1996-97 तक) के दौरान कृषि उत्पादन की वार्षिक मिश्रित वृद्धि दर का लक्ष्य उपज के मूल्य के संबंध में 4.1 प्रतिशत तथा सकल घरेलू उत्पादन के मामले में 3.1 प्रतिशत निर्धारित किया गया।

(ग) तथा (घ) जी, हां। आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम तीन वर्षों का निष्पादन यह संकेत देता है कि कृषि क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पादन में प्रतिवर्ष 3.1 प्रतिशत की वृद्धि के लक्ष्य की तुलना में वसूली की वृद्धि 1992-93 में 5.2 प्रतिशत, 1993-94 में 2.9 प्रतिशत (तत्काल अनुमान) और 1994-95 में 2.4 प्रतिशत (सी०एस०ओ० के अग्रिम प्राक्कलनों के अनुसार) तथा इन तीन वर्षों की अवधि का औसत लक्ष्य 3.5 प्रतिशत रहा है जो कि क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पादन की वृद्धि के लक्षित दर से अधिक है।

(ङ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के शेष वर्षों के दौरान कृषि उत्पादन की वृद्धि के लक्षित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन को जारी रख रही है।

कपास का उत्पादन

7440. श्रीमती सुषमा स्वराज:
श्री राम जेठमलानी:

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में बड़े पैमाने पर कपास का उत्पादन किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो विश्व में कपास-उत्पादन के संबंध में भारत का स्थान कौन सा है;

(ग) क्या यह भी सच है कि विश्व के अन्य कपास उत्पादक देशों की तुलना में भारत में प्रति हेक्टेयर कपास-उत्पादन की दर कम है;

(घ) यदि हां, तो देश में राष्ट्रीय स्तर पर कपास-उत्पादन की औसत दर क्या है;

(ङ) न्यूनतम तथा अधिकतम उपज-दर क्या-क्या है तथा यह किन-किन स्थानों पर है; और

(च) देश की कुल कृषि भूमि में से कितने प्रतिशत भूमि का कपास का उत्पादन प्रायः किया जाता है तथा कपास-उत्पादन की दर को बढ़ाने के लिए क्या भावी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम): (क) जी हां।

(ख) कपास के उत्पादन में विश्व में भारत का स्थान तीसरा है।

(ग) जी हां।

(घ) 1993-94 के दौरान कपास की प्रति हैक्टेयर औसत उपज 248 कि०ग्रा० थी।

(ङ) 1993-94 के दौरान पंजाब में प्रति हैक्टेयर उपज दर अधिकतम 445 कि०ग्रा० और मध्य प्रदेश में न्यूनतम 145 कि०ग्रा० थी।

(च) 1993-94 के आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल फसल क्षेत्र का लगभग 4% क्षेत्र कपास के अंतर्गत था। 1995-96 के लिए कपास का उत्पादन लक्ष्य 170 कि०ग्रा० प्रति 130 लाख गांठ निर्धारित किया गया है जबकि 1994-95 में 116 लाख गांठों का उत्पादन होने की संभावना है। उत्पादन की प्रति हैक्टेयर दर में वृद्धि के माध्यम से उत्पादन में संपूर्ण बढ़ोतरी करने की परिकल्पना की गई है।